53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 16.0°c | अधिकतम 33.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:06, सूर्यास्त - 6:38 | वर्ष : 53/ अंक : 91 | बृहस्पतिवार, 03 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

रिश्ता कोई भी हो
मजबूती से निभाइये
मजबूरी से नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

गरीब मुसलमानों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून : किरण रिजिजू



या रब वो न समझे हैं न समझेंगे मेरी बात....दे और दिल उन को जो न दे मुझ को जबाँ और.....

# उधर हुआ वक्फ संशोधन बिल पेश, इधर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर





## खुद जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संवेदनशील इलाकों में गश्त करते दिखे

**मुजफ्फरनगर, 2 अप्रैल (बु.)।** आज वक्फ संशोधन बिल पेश होने से पहले ही सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। दहशत के माहौल में पुलिस प्रशासन ने सुबह से ही जनपद की कमान संभाली और संवेदनशील इलाकों में खुद डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह अपने अमले के साथ संवेदनशील इलाकों में गश्त करते दिखाई दिये। आला अधिकारियों ने धर्मगुरूओं को साथ लेकर विभिन्न मौहल्लों में पैदल भ्रमण किया और आम आदमी के साथ दिल खोलकर बात की। इस दौरान पुलिस के साथ पैदल मार्च में शहर काजी तनवीर आलम भी मौजूद रहे और सबको यह समझाया गया कि सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करें और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट न डालें। यदि कोई ऐसा करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे असामाजिक तत्वों पर लगाम कसी जा सके। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों पर दंगा निरोधक उपकरणों के साथ पुलिस को तैनात किया गया। खालापार क्षेत्र में कई स्थानों पर ड्रोन कैमरों से छतों की निगरानी कराई गयी। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए भी पुलिस टीम को लगाया गया था।

## लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश होते ही हंगामा

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल (एजेंसी)।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश हो गया है। इस बिल के पेश होते ही कांग्रेस ने लोकसभा में हंगामा करना शुरू कर दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उन्हें कल (1 अप्रैल) को दोपहर में बिल मिला था, जिस वजह से उन्हें संशोधन देने का समय नहीं मिला। लोकसभा में कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, "इस तरह का बिल (वक्फ संशोधन विधेयक) जिसे आप सदन में ला रहे हैं, कम से कम सदस्यों को संशोधन करने का अधिकार तो होना चाहिए. आप कानून को जबरन थोप रहे हैं। आपको संशोधन के लिए समय देना चाहिए. संशोधन के लिए कई प्रावधान हैं। के.सी. वेणुगोपाल के इस बयान पर गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा, 'जो पॉइंट ऑफ ऑर्डर उठाया गया है, मैं उसकी मुख्य बात सदन के सामने रखना चाहता हूं. भारत सरकार की कैबिनेट ने एक बिल को मंजूरी देकर सदन में पेश किया. इसे जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को भेजा गया, जिसका विपक्ष ने भी आग्रह किया था। कमेटी ने इस बिल पर विचार कर अपनी राय दी। फिर यह राय दोबारा कैबिनेट के पास भेजी गई. कैबिनेट ने जेपीसी के सुझावों को स्वीकार किया और संशोधन के रूप में किरण रिजिजू ने इसे सदन में पेश किया। यह तभी संभव होता है जब कैबिनेट इसकी मंजूरी दे इसलिए मैं नहीं मानता कि इसमें कोई पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। यह आपका ही आग्रह था कि जेपीसी बनाई जाए। अगर कमेटी कोई बदलाव ही न करे, तो इसका क्या मतलब? हमारी कमेटी कांग्रेस की तरह सिर्फ मुहर लगाने का काम नहीं करती, बल्कि चर्चा करके सही निर्णय लेती है और जरूरी बदलाव करती है।' केंद्र सरकार ने इस विधेयक को पिछले साल अगस्त में लोकसभा के सामने रखा था। हालांकि बाद में सर्वसम्मति से इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया। जेपीसी ने करीब छह माह तक विधेयक पर मिले संशोधन के सुझावों पर विचार किया और 27 जनवरी को इसे फिर से संसद में पेश करने की मंजूरी दे दी थी।

### वक्फ़ संशोधन विधेयक पर भड़के असदुद्दीन ओवैसी, लोकसभा में फाड़ी बिल की कॉपी


**नई दिल्ली, 02 अप्रैल (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक मामले पर लोकसभा में चर्चा की जा रही है। इस दौरान वक्फ संशोधन बिल मामले पर असदुद्दीन ओवैसी ने अपना पक्ष रखा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वक्फ संशोधन विधेयक मामले पर लोकसभा में चर्चा जारी है। इसपर एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने अपना पक्ष रखा। इस दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि मुंबई में एक बहुत बड़े दौलतमंद है। एक यतीमखाने के जमीन को उन्होंने 22 करोड़ में खरीद लिया। वो कोर्ट में गए। सच्चर कमेटी ने साल 2007 में कहा कि दिल्ली में 123 प्रॉपर्टी की मार्केट वैल्यू 6 हजार करोड़ है। 1996 में इंदिरा गांधी ने चिट्ठी लिखा कि आप इसे दे दीजिए, लेकिन आप उसे मानने के लिए तैयार नहीं है। ओवैसी ने कहा कि साल 2013 में आप लोगों ने मिलकर वक्फ के कानून को बिना विरोध के पास कर दिया। देश में 14-15 ट्रिब्यूनल हैं। सबका रिव्यू होता है। आपने दाऊदी बोरा को भी थैंक्यू कर दिया। सरकार क्या कर रही है कि आप मुस्लिम समाज में जो बेकार किस्म के लोग हैं, उनके लिए रास्ता दिखा रहे हैं कि तुम्हें वक्फ से बचना है तो ट्रस्ट बना दो। उन्होंने आगे कहा कि इस बिल में वक्फ अल औलाद का नियम आर्टिकल 25 का वाइलेशन है। जब मैं अपनी प्रॉपर्टी को अल्लाह को मालिक बनाकर दे रहे हैं तो आपको उसमें दिक्कत है। अमित शाह बोले कि इतनी प्रॉपर्टी का चोरी हुआ कब्जा हुआ। अगर कोई प्रॉपर्टी बेचता है तो उसे 2 साल की सजा थी, आपने उसे 6 महीने कर दिया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**बुढ़ाना, 2 अप्रैल (बु.)।** किसी मामूली सी बात पर पति पत्नी में खटपट हो गयी, तो पत्नी ने पति की गैर मौजूदगी में घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर ससुरालिए मृतका का गुपचुप अंतिम संस्कार करके फंस गये। इस मामले में पुलिस ने पति समेत 4 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पति को जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के दुर्गनपुर गांव निवासी लोकेन्द्र पुत्र सोहनवीर की शादी मुजफ्फरनगर जिले के रामराज थाना क्षेत्र के गांव देवल निवासी श्याम सिंह पुत्र मन्नू की पुत्री से करीब एक साल पहले हुई थी। किसी ना किसी बात को लेकर पति-पत्नी में हर दसवें दिन खटपट रहती थी। प्रथम नवरात्रे में दोनों किसी बात पर झगड़ पड़े, तो पति लोकेंद्र खेत पर चला गया और उधर उसकी पत्नि ने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद पड़ोस की एक महिला लोकेंद्र के घर पर यह पूछने गयी कि वह नवरात्रे का व्रत रखेगी या नहीं, तो देखा विवाहिता फंदे पर झूल रही है। उसने शोर मचाया, तो पति और उसके परिवार के सदस्य मौके पर आ गये और उन्होंने महिला के मायके वालों को बिना सूचना दिए विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया। कुछ देर बाद किसी ग्रामीण ने मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दी, तो परिजन रोते-बिलखते मौके पर आए और पति समेत 4 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फिलहाल उक्त मामले की जांच बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह कर रहे हैं।

**▸ चोरी छिपे अंतिम संस्कार कर ससुरालिए फंसे**



## शिक्षा का मंदिर बना अखाड़ा, प्रधानाध्यापक व शिक्षक के बीच जमकर मारपीट हुई

**▸ प्रधानाध्यापक ने शिक्षक की पिटाई करने के लिए गांव से बुलाए कई युवक ▸ पुलिस ने दोनों शिक्षकों व दबंग युवकों को थाने बैठाया**

**मीरापुर, 2 अप्रैल (बु.)।** गांव भूम्मा में एक स्कूल में प्रधानाध्यापक व एक अन्य शिक्षक के बीच हुई तू-तू मैं-मैं के बाद बच्चों के सामने ही मारपीट ही गयी। दोनों शिक्षकों ने शिक्षा के मंदिर को अखाड़े में बदल दिया। दोनों में बच्चों के सामने ही जमकर कहासुनी व मारपीट हुई। प्रधानाध्यापक ने दूसरे शिक्षक की पिटाई के लिए फोन करके अपने गांव से दर्जनभर दबंग युवकों को बुला लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शिक्षकों व आधा दर्जन युवकों को लाकर थाने बैठा लिया। क्षेत्र के गांव भूम्मा में स्थित कंपोजिट विद्यालय में मेरठ जनपद के बहसूमा थानाक्षेत्र के गांव बटावली निवासी राजकुमार प्रधानाध्यापक व मेरठ निवासी सागर अध्यापक के पद पर तैनात हैं। ग्रामीणों के अनुसार प्रधानाध्यापक दबंग है तथा आये दिन स्टाफ व अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार करता रहता है। दुर्व्यवहार के चलते शिक्षकों में तनातनी चल रही है। बुधवार को प्रधानाध्यापक राजकुमार व शिक्षक सागर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों विद्यालय में ही बच्चों के सामने मारपीट व गाली गलौच पर उतर गए। आरोप है कि इस दौरान प्रधानाध्यापक राजकुमार ने फोन करके अपने गांव से करीब एक दर्जन दबंग युवकों को शिक्षक सागर की पिटाई करने के लिए मौके पर बुला लिया। मामला बढ़ता देख अन्य स्टाफ ने झगड़े की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कुछ युवक कार में सवार होकर भाग गए। पुलिस प्रधानाध्यापक व शिक्षक तथा मौके पर मौजूद आधा दर्जन युवकों को थाने ले आयी, जिसके बाद से दोनों पक्ष के लोग आपस में समझौते का प्रयास कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक कोई लिखा-पढ़ी नहीं हुई थी।... मामले पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश गौड़ ने बताया कि दो शिक्षकों के बीच झगड़ा होने की सूचना मिली है। विद्यालय में जाकर मामले की जांच की जाएगी। शिक्षकों ने झगड़ा करके शैक्षिक माहौल को बिगाडने का काम किया है। दोनों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

### वैश्य समाज पर विवादित बयान के बाद जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव ने वीडियो जारी कर जताया खेद



**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बु.)।** 30 मार्च को सिसौली में जाट पंचायत के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने अपना बयान देते हुए बयान में बनिया शब्द प्रयोग किया था। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि जो बनिया लोगों को लूटता था, वही मंदिर व धर्मशालाओं में पैसा दिया करता था, हम लोगों के पास कहां पैसा होता था। हम तो भगवान को घर में ही पूज लेते हैं और हमारा भगवान तो सीधा है, वह घर में ही मिल जाता है। इस बयान को लेकर वैश्य समाज में रोष फैल गया था और वैश्य समाज इस बयान की भरसक निंदा कर रहा था। इस मामले में व्यापार मण्डल के नेता संजय मित्तल से हुई बातचीत में जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने कहा कि उनका भाव वैश्य समाज से नहीं था, बनिया तो वह होता है जो कोई भी कारोबार करता हो, चाहे उसमें ब्राह्मण, वैश्य, पंजाबी, जाट या अन्य कोई भी बिरादरी हो। उन्होंने कहा कि वह अपना खेद प्रकट करते हुए एक वीडियो जारी कर रहे हैं, और उसमें स्वयं कह रहे हैं कि यदि मेरी बात को किसी ने गलत ले लिया हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं। मैं या कोई भी उच्च पद पर बैठा व्यक्ति किसी जाति धर्म का अपमान कभी नहीं करना चाहता। ऐसे में युद्धवीर सिंह द्वारा उक्त वीडियो को सोशल मीडिया पर जारी किया गया और उसमें खेद व्यक्त किया।

## युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली

**जानसठ, 02 अप्रैल (बु.)।** गांव राजपुर कलां में अविवाहित युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे सीओ यतेंद्र सिंह नागर व कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने परिवार के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में मामला आत्महत्या का निकला। कोतवाली जानसठ के गांव राजपुर कलां निवासी 26 वर्षीय सन्नी उर्फ पीलू पुत्र प्रदीप मुजफ्फरनगर में स्थित एचडीएफसी बैंक में प्राइवेट नौकरी करता था। सन्नी की अभी तक शादी नहीं हुई थी। मंगलवार की शाम को गांव बसेड़ा में सन्नी के फूफा महक सिंह की मौत हो गई थी। परिवार के लोग मंगलवार की शाम को बसेड़ा में रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने चले गए थे। घर में सिर्फ सन्नी उसकी बहन तानिया, चचेरा भाई सचिन पुत्र पप्पू और चचेरी बहन निक्की पुत्री मुन्नू मौजूद रह गए थे। मंगलवार की रात्रि को सन्नी उर्फ पीलू खाना खाकर अपने मकान की द्वितीय मंजिल के कमरे में अकेला सोने के लिए चला गया था। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे के करीब सन्नी का खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़ा था। शव को देखकर बहन की चीख निकल गई। चीख की आवाज सुनकर परिवार से चचेरा भाई व चचेरी बहन कमरे में पहुंचे तो, वे भी सन्न रह गए। गांव में युवक की हत्या को लेकर सनसनी फैल गई।



हत्या की सूचना मिलने पर सीओ यतेंद्र सिंह नागर व कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि मृतक सन्नी की दांई आंख के ऊपर माथे पर गोली लगी थी। सीओ यतेंद्र नागर ने हत्या की जांच-पड़ताल कराने के लिए डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलवाया। सीओ ने चचेरे भाई सचिन और परिवार के लोगों से पूछताछ की तो, मामला सन्नी के द्वारा खुद गोली मारकर आत्महत्या करने का निकल कर सामने आया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कारोबारी से 4.72 लाख रुपये की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बु.)।** मोटा मुनाफा कमाने के लालच में लगातार कारोबारी लाखों की ठगी का शिकार हो रहे हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णापुरी निवासी कारोबारी गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर साइबर ठग की कॉल आयी और ठग ने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। उसके बाद साइबर ठग ने उसे एक व्हाट्सग्रुप से जोड़ा और 10 मार्च से लेकर 28 मार्च के बीच चार अलग-अलग बैंक खातों में 4.72 लाख शेयर ट्रेडिंग के लिए डलवाए गए। मामला यही नहीं रूका उसके बाद हवाला के माध्यम से साइबर ठगों ने साढ़े सात लाख रुपए की मांग की। शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## यूपी में पुलिसवालों की छुट्टियां कैंसिल

**लखनऊ, 02 अप्रैल (एजेंसी)।** यूपी के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। इसी सिलसिले में पुलिस विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। विभाग ने आदेश जारी करते हुए लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए रोक लगा दी है, जो पुलिसकर्मी छुट्टियों पर गए हुए हैं, उन्हें यूपी पुलिस के आईजी लॉ एंड आर्डर की तरफ से जारी आदेश में सभी पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को तुरंत ड्यूटी पर रिपोर्ट करने को कहा गया है, जो आदेश जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि वर्तमान परिदृश्य में प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार के अवकाश निरस्त किए गए हैं। स्वीकृत छुट्टी पर रवाना हो चुके अफसरों और कर्मचारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस लौटने का आदेश जारी किया गया है। विशेष हालातों में ही सक्षम स्तर से स्वीकृत होने पर छुट्टी मिलेगी। दरअसल, वक्फ संशोधन बिल के विरोध को देखते हुए यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी पुलिसवालों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। लखनऊ में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## माँ दुर्गा की छठी शक्ति

**|| कात्यायनी ||**



चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याछेवी दानवघातिनी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर






# भारतीय डिफेंस एक्सपोर्ट ने तोड़े सारे रिकार्ड, छुआ 23,622 करोड़ का आंकड़ा, 2029 तक 50,000 करोड़ का टार्गेट




**नई दिल्ली, 02 अप्रैल (एजेंसी)।** भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया था। यह फैसला अब अपना नतीजा दिखा रहा है। सेना को स्वदेशी सैन्य उपकरण के जरिए ताकतवर बनाया जा रहा है। दुनिया भर के देशों को भी बेचा जा रहा है। पिछले दस साल में यह रफ्तार इतनी तेजी से बढ़ा कि अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 23,622 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। रक्षामंत्रालय की तरफ से जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया है कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट पिछले साल के मुकाबले 12.04 प्रतिशत बढ़ा है। साल 2023-2024 में डिफेंस एक्सपोर्ट 21,083 करोड़ रुपये था, इसमें 2539 करोड़ का इजाफा हुआ है। भारत को दूसरे देशों से हथियारों की खरीद करने के लिए जाना जाता था। आज दुनिया को हथियार एक्सपोर्ट कर रहा है। डीपीएसयू और प्राइवेट कंपनियों ने साल 2024-2025 में जबरदस्त प्रदर्शन किया। कुल एक्सपोर्ट का 8389 करोड़ रुपए का एक्पोर्ट डीपीएसयू ने किया, जबकि प्राइवेट कंपनियों ने 15,233 करोड़ रुपये अपनी झोली में डाले। वित्तिय वर्ष 2023-2024 में यह आंकड़ा 5874 और 15,209 करोड़ रुपये था। डीपीएसयू डिफेंस एक्सपोर्ट में पिछली बार के मुताबिक 42.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आधिकारिक सोशल मिडिया हैंडल एक्स पर सबको बधाई दी और साल 2029 तक एक्सपोर्ट के आंकड़े को 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का टार्गेट रखा। अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया साल 2023-2024 में सबसे ज्यादा खरीद करने वाले देश थे। भारत कुल 80 देशों को आज सैन्य उपकरण और बाकी साजो सामान बेच रहा है। दुनिया के तमाम हथियार निर्माता देश भारत के साथ जुड़ने की कोशिशों में जुटे है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से वित्तिय वर्ष 2023-2024 के आंकड़े जारी किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि साल 2004 में 2014 तो एक्सपोर्ट मात्र 4,312 करोड़ का हुआ करता था, वह 2014- 2024 में बढ़कर 88,319 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। देश में रक्षा उत्पादन पिछले 10 साल में 174 फीसदी बढ़ गया है। साल 2014-15 में जो डिफेंस प्रोडक्शन महज 46,429 करोड़ का था, वह साल 2023-24 में बढ़कर 1,27,265 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। 3 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन का टारगेट साल 2029 तक का रखा गया है।

# नगर में शुरू हुई काली नदी के जीर्णोद्धार की कवायद

## - डीएम ने किया निरीक्षण, अब जल्द शुरू होगी साफ-सफाई





**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बु.)।** नगर में ऐतिहासिक और संरक्षित काली नदी को एक बार फिर उसके पुराने स्वरूप में लाने के लिए प्रशासन ने जीर्णोद्धार की कवायद शुरू की है। इस कड़ी में डीएम उमेश मिश्रा ने बुधवार को एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार के साथ काली नदी क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम निकिता शर्मा, पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अभियान सदर तहसील क्षेत्र में बहने वाली काली नदी के संरक्षण और साफ-सफाई को लेकर शुरू किया गया है। मुजफ्फरनगर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर का हिस्सा नगर के पश्चिम छोर पर स्थित काली नदी लंबे समय से अफसरों की उपेक्षा एवं प्रदूषण का शिकार है। वहीं किनारे के अतिक्रमण, कचरे का ढेर व जल प्रदूषण ने काली नदी का अस्तित्व खतरे में डाल दिया था। बदले हालातों के बीच स्थिति में सुधार के लिए जिला प्रशासन ने काली नदी के जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का बीड़ा उठाया है। बुधवार को इस योजना को धरातल पर उतारने के खातिर डीएम उमेश मिश्रा ने काली नदी की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण करते हुए इससे जुड़े क्षेत्र में सफाई कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ एडीएम फाइनेंस गजेंद्र कुमार ने नदी के किनारों व आसपास के क्षेत्रों का बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम निकिता शर्मा, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने काली नदी की सफाई और संरक्षण के लिए जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने काली नदी में जमा कचरे, गाद और अतिक्रमण की समस्या पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। निरीक्षण के बाद डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि काली नदी की साफ-सफाई का कार्य शुरू कराने के साथ सौंदर्यकरण की संभावनाओं की तलाश की गई। इसके लिए नगरपालिका और संबंधित विभागों को ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नदी के किनारों से कचरा हटाने, जल प्रवाह को बेहतर करने और अतिक्रमण को रोके जाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# डीएस पब्लिक स्कूल में हवन के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना के लिए आयोजित हवन में स्कूल मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा, डायरेक्टर रेनू शर्मा, एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन तथा प्रधानाचार्य गगन शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भावपूर्वक भाग लेते हुए सभी के लिए मंगल कामनाएं कीं। विद्यालय में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सर्वे भवंतु सुखिनः की भावनाओं का उद्घोष करते हुए एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन एवं प्रधानाचार्य श्री गगन शर्मा ने विद्यार्थियों को नूतन सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को उनके द्वारा पूर्व परीक्षा में मिली सफलता की बधाई दी तथा आशा प्रकट की कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी सभी परीक्षाओं में इस तरह सही मार्गदर्शन व कठिन परिश्रम के साथ स्वर्णिम सफलता प्राप्त करते रहेंगे। नए शैक्षिक सत्र के प्रथम दिन आज सभी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक विद्यालय पहुंचे तथा अपने सहपाठियों से मिले। कक्षा में पहुंचने पर इन विद्यार्थियों का बधाई कार्ड एवं वेलकम कार्ड देकर स्वागत किया गया। शैक्षिक सत्र के प्रथम दिन सभी बच्चों ने कक्षाओं में उत्साह से अध्ययन आरंभ करते हुए नए पाठ्यक्रम के विषय में जाना। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्नेह पूर्वक विद्यालय नियमों व पाठ्यवस्तु के विषय में विस्तार से समझाया।

# लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज का परीक्षाफल घोषित



**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बु.)।** जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न होने पर वर्षभर की मेहनत का परिणाम देखकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। टॉपर छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान पर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष ललित माहेश्वरी, प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग व प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया। प्रधानाचार्य अखिलेश शर्मा ने वार्षिक परीक्षा परिणाम विधिवत घोषित करते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम 99.21% रहा। कक्षा 6 में विनायक, 7 में आरव पुंडीर, 8 में देवराज, 9 में वंश कुमार एवं कक्षा 11 में कुलदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी सत्र में छात्रों के लिए नीट, जेईई, एनडीए आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। जीव विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर संयोगिता मैमोरियल अवार्ड 11वीं के छात्र यश कुमार को तथा हिन्दी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर पुष्कर राज भारद्वाज व कु. पूजा भारद्वाज स्मृति पुरस्कार कक्षा 11 के कुलदीप कुमार तथा कक्षा 9 के वंश कुमार को प्रदान किया गया। वहीं जूनियर कक्षाओं में कंप्यूटर विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले शिवांश, मयंक, लक्ष्य पाल व अभिषेक को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षाओं के सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को अतिथियों ने ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र पुरस्कार प्रदान किए। प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि ये आपकी वर्षभर की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी छात्र अपने जीवन में अनुशासन को अवश्य अपनाएं तथा भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य बनाकर पूर्ण मनोयोग से तैयारी में जुट जाएं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र, शिक्षक, नगर के गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# युद्धवीर के बयान पर उबला वैश्य समाज



**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बुस.)।** संयुक्त वैश्य समाज की एक आवश्यक बैठक लक्ष्मण विहार स्थित राजवंश सभा भवन पर हुई, जिसकी अध्यक्षता वैश्य नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने की और संचालन शलभ गुप्ता एडवोकेट महामंत्री राजवंश सभा ने किया, जिसमें वैश्य समाज के सभी घटक राजवंश सभा, श्री कदीम अग्रवाल सभा, वैश्य सभा जनपद मुजफ्फरनगर और अखिल भारतीय वैश्य संगठन, वैश्य अग्रवाल सम्मेलन, वैश्य जागृति मंच और महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान सोसाइटी, वैश्य कुटुंब, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन और माहेश्वरी सभा वैश्य उत्थान समिति, अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन सभी संगठनों के अध्यक्ष और महामंत्री एकत्रित हुए। सभी ने अपने विचार रखे और युद्धवीर ने जो वैश्य समाज के प्रति अशोभनीय टिप्पणी की है, उसके प्रति अपना रोष व्यक्त किया। श्री कदीम अग्रवाल सभा के भवन मंत्री पवन बंसल ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा शालीनता का प्रतीक रहा है, हम कभी किसी से लड़ते नहीं, लेकिन अगर सर पर आ जाए, तो उसे कानूनी भाषा में सबक सिखाने का काम भी जानते हैं। श्री कदीम अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक श्रीमोहन तायल और वैश्य नेता सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा वैश्य समाज हमेशा सभी समुदायों का सम्मान करता है। वैश्य समाज के बारे में जो अभद्र टिप्पणी युद्धवीर सिंह द्वारा की गई है, उसकी वैश्य समाज घोर निंदा करता है और उनके प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष से मांग करता है कि वह अपना रुझान इस पर प्रकट करें। स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अभद्र टिप्पणी के लिए युद्धवीर को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए और समाज मुझे जो भी जिम्मेदारी देगा, मैं समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वैश्य समाज के साथ खड़ा हूं और इस प्रकार की अभद्र भाषा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वैश्य समाज में इस बात को लेकर बहुत रोष है, समाज के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी असहनीय है। कांति राठी और दिनेश बंसल, अनिल तायल ने कहा के यदि कोई व्यक्ति हमारे समाज को छेड़ने का प्रयास करेगा तो हम उसकी ईंट से ईंट बजा देंगे। सभा के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने तय किया कि कल दोपहर 12:00 बजे हम सब लोग मिलकर एक ज्ञापन एसएसपी को प्रेषित करेंगे और युद्धवीर के खिलाफ मान हानि का मुकदमा दायर कराएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद गर्ग, शलभ गुप्ता एडवोकेट, कृष्ण गोपाल मित्तल, पवन बंसल, शिवकुमार संगल, मुकेश गुप्ता, अनिल तायल, भूपेंद्र गोयल, कांति राठी, अमित गुप्ता एडवोकेट, दीपक मित्तल, सराफ विपिन कुमार, राजेंद्र गर्ग, सुनील तायल, राजीव गोयल, कुलदीप कुमार गुप्ता, मयंक बंसल, अनिल बंसल, दिनेश बंसल, पवन सिंघल, सत्य प्रकाश रिशु, सुरेंद्र मित्तल सुरेंद्र अग्रवाल, श्रीमोहन तायल, कुलदीप मित्तल आदि सैकड़ों वैश्य बंधु उपस्थित हुए।

# जैन साध्वी आर्यिका 105 सुज्ञानमती माताजी व दयामती माता जी का भव्य मंगल प्रवेश



**शाहपुर, 02 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में जैन साध्वी आर्यिका 105 सुज्ञानमती माताजी व दयामती माता जी का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन साध्वी ने अपने प्रवचन में कहा कि जो श्रावक भगवान व गुरु की सच्ची भक्ति करता है, उसे उसका फल अवश्य मिलता है। कस्बे में बुधवार की प्रातः देवलोक गामी राष्ट्र संत आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका 105 सुज्ञानमती माताजी का उमरपुर से विहार कर कस्बे में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन साध्वियों ने कस्बे के मंगलापुरी मंडी स्थित शांतिनाथ जिनालय व मौहल्ला महाजनान स्थित श्री पदम प्रभु जिनालय व नेमिनाथ जिनालय में जिन दर्शन व स्तुति की। इसके बाद आर्यिका 105 सुज्ञानमती माता जी ने जैन धर्मशाला में प्रवचन करते हुए कहा कि जो श्रावक भगवान व गुरु की सच्ची भक्ति करता है, उसको उसका फल अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि कस्बे की जैन समाज के श्रावकों में सभी जैन संतों व गुरुओं के प्रति अपनी भक्ति, समर्पण व सेवा का भाव है, जिसके चलते राष्ट्र संत आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के दो-दो चातुर्मास कस्बे में हुए है। जो कस्बे के जैन समाज के साथ सभी कस्बेवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि वह आचार्य ज्ञान सागर महाराज के संघ के साथ कस्बे में उनका प्रवास रहा है। कस्बे के श्रद्धालुओं की संतो व गुरुओं के प्रति भक्ति अविस्मरणीय रही है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वह वर्तमान जिन शासनायक भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपना कर उसका जन-जन तक प्रचार प्रसार करें। इस दौरान बालेश जैन, सुंदरलाल जैन, राकेश जैन, मदन जैन, हर्षित जैन, सतीश जैन, संजीव जैन, ललित जैन, पुनीत जैन , उमंग जैन, अभिषेक जैन, रमेश जैन, अभिनव जैन व रविंद्र जैन आदि सहित जैन समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1300, चाकू 1400-1600, लड्डू 1500-1534, खुरपापाड़-1360, शक्कर मसाला-1560। आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 93100 | चांदी- | 100700 |
| सिक्का- | 10800 | गिन्नी- | 69415 |

## आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 03 अप्रैल, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# भगवान राम अति सरल हैं- बृजेश पाठक



**मुजफ्फरनगर, 02 अप्रैल (बु.)।** श्री सनातन धर्म सभा भवन में रामनवमी के उपलक्ष में आयोजित श्री राम कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा भगवान श्री राम अति सरल हैं, क्योंकि अनुकूल व्यक्तियों के साथ सरलता का व्यवहार करना सुगम है पर प्रतिकूल व्यक्तियों के साथ सरलता का व्यवहार करना बहुत कठिन है पर प्रभु राम की विशेषता है कि वह अपने विरोधियों के साथ भी सरलता का व्यवहार करते हैं। वाल्मीकि रामायण में लिखा है कि प्रभु राम तो रावण के साथ भी सरल है, इसीलिए वर्णन आता है, एक बार राम रावण युद्ध में जब श्रीराम के प्रहार से रावण का रथ अस्त्र-शस्त्र सब नष्ट हो गए, वह धरती पर गिर पड़ा, तब श्रीराम से देखा नहीं गया, उनके हृदय में करुणा छा गई, वे द्रवित होकर कहने लगे मैं देखता हूं, तुम बहुत थक गए हो, इसलिए आज रात्रि लंका के महलों में जाकर विश्राम करो। कल नए अस्त्र-शस्त्र और रथ के साथ आना, तब मैं तुम्हें अपना बल दिखलाऊंगा। राजनीति कहती है, जब शत्रु की शक्ति छीन हो रही हो, तब उसे मारना चाहिए पर प्रभु राम रावण के महलों में जाकर विश्राम करने के लिए कहते हैं। इससे बढ़कर सरलता का प्रमाण और क्या हो सकता है, इतना ही नहीं जिस कैकेई ने प्रभु राम को राज्य के स्थान पर वनवास दे दिया, प्रभु राम ने सदैव उनको अपनी माता कौशल्या से अधिक आदर दिया, इसीलिए तुलसीदास जी कहते हैं, हमारे प्रभुराम की तरह सरल कोई भी नहीं है। आज श्रीराम कथा में मुख्य रूप से महामृत्युंजय सेवा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव शंकर, सतीश गर्ग, महेंद्र अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र अग्रवाल, संतोष शर्मा, पवन भारद्वाज, प्रवीण अरोड़ा, प्रेम प्रकाश अरोरा ने भाग लिया।

# वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पुलिस रही अलर्ट



**बुढ़ाना, 02 अप्रैल (बु.)।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में बुढ़ाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही। संसद में उक्त विधेयक पर शुरू हुई चर्चा के शुरू होते ही पुलिस रामछेल तिराहा, भारत चौक, कस्साबान पुलिया, छोटा बाजार और चौधरी चरण सिंह चौक के अलावा अति संवेदनशील व संवेदनशील गांवों में पहुंची और फ्लैग मार्च कर लोगों को अपनी उपस्थिति का अहसास कराया। मिली जानकारी के अनुसार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किए जाने के बाद शुरू हुई चर्चा के चलते ही बुढ़ाना पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गयी थी। पुलिस ने संवेदनशील और अति संवेदनशील एरियों में फ्लैग मार्च निकाला। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह का कहना था कि वक्फ बिल को लेकर अगर कोई भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वे सोशल मीडिया पर भी पूरी निगरानी रखे हुए हैं। उनके द्वारा क्राइम इंस्पेक्टर, कोतवाल व चौकी इंचार्जों के अलावा बीट सिपाही और अतिरिक्त पुलिस बल को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये हैं। ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी के जरिए भी पूरी निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर सेल और सर्विलांस की टीमों को लगाया गया है। मिश्रित इलाकों में खास निगरानी की जा रही है। खुफिया विभाग की टीमें संवेदनशील इलाकों से इनपुट ले रही हैं। कुल मिलाकर बुढ़ाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट देखी गयी। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र भी क्षेत्र में बारीकी से नजर रखे रहे।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 2023, अनुक्रमांक 1230516102, का प्रमाण-पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

पायल पुत्री श्री सुरेन्द्र कुमार
मकान नं. 205, एकता विहार
मुजफ्फरनगर

# वक्फ संशोधन बिल पेश होने पर अलर्ट, चरथावल में अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



**चरथावल, 02 अप्रैल (बु.)।** वक्फ संशोधन बिल के संसद में पेश होने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। चरथावल नगर में एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर देवव्रत वाजपेई व इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च किया और स्थिति पर नजर रखी। चरथावल नगर में एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर देवव्रत वाजपेई व इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ लंबी दूरी तक पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों के बीच विश्वास पैदा करने की कोशिश की। इस मार्च के जरिए अधिकारियों ने यह संदेश देने की कोशिश की कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मुस्लिम बहुल इस इलाके में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी सहयोग मांगा गया। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए प्रशासन ये सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी गड़बड़ी फैलने न पाए।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-309, पॉकेट-एम, सैक्टर-20, क्षेत्रफल -300 वर्गमीटर, आवंटन सख्या-YEA010585 के आवंटी/अंतरिकी LATE SMT. INDRA (माता) की मृत्यु के उपरांत उनके (पुत्र) MR. VIJAY VIKRAM द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी/अंतरिकी LATE SMT. INDRA (माता) की मृत्यु के उपरांत उनके (पुत्र) MR. VIJAY VIKRAM का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी-(सम्पत्ति)

# 8 ट्यूबवेलों पर चोरी, लाखों की संपत्ति का नुकसान

## - सीओ को तहरीर देकर की खुलासे की मांग



**बुढ़ाना, 02 अप्रैल (बु.)।** अगर ढाई माह पहले हुई चोरियों का बुढ़ाना पुलिस खुलासा कर देती, तो उनकी ट्यूबवैलों पर भी चोरी की घटना ना होती। ये उन पीड़ित किसानों का कहना है, जिनकी ट्यूबवैलों पर ईद उल फितर की अल सुबह चोरी की घटना हुई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर के किसान जसवीर पुत्र होशराज, नीरज पुत्र ऋषिपाल, सुबोध पुत्र सितम, ब्रह्म पुत्र बेगराज, राजवीर पुत्र सुरेन्द्र, सुभाष पुत्र रामपत, हृदय पुत्र कालूराम व बीर पुत्र जय ने बुढ़ाना सीओ को एक तहरीर देते हुए बताया कि उक्त सभी किसानों की ट्यूबवैलों की दीवारें तोड़कर कॉन्ट्रेक्टर, स्टार्टर, केबिल, कटाउट और अन्य कीमती सामान अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सभी किसानों के नुकसान की कीमत लगभग एक लाख रुपए है। किसान बीते 31 मार्च की सुबह जब अपनी टयूबवैलों पर गये, तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। किसानों ने उसी समय 112 नम्बर पुलिस को कॉल करके चोरी की सूचना दी। मौके पर 112 नम्बर की पुलिस ने पहुंचकर जांच की। इससे पूर्व भी बीती 16 जनवरी को गांव नसीरपुर में दो किसानों अभिषेक पुत्र चन्दरू और मैनपाल पुत्र ब्रजपाल की ट्यूबवैल की दीवार तोड़कर स्टार्टर, केबिल व कटाउट आदि सामान चोरी किया गया था। 17 जनवरी को बुढ़ाना पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद हो गये और उन्होंने फिर दोबारा चोरी की आठ घटनाएं कर दी।

# चरथावल में हिंदू संगठनों ने मिलकर समाजवादी पार्टी व रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका




**चरथावल, 02 अप्रैल (बु.)।** आज चरथावल में धीर सिंह पुंडीर संघर्ष समिति द्वारा बुलाए गए दर्जनों सामाजिक संगठनों ने मिलकर, राज्यसभा में दिए गए रामजीलाल सुमन द्वारा दिए गलत बयान का विरोध किया। चरथावल ब्लॉक से पैदल यात्रा करते हुए समाजवादी पार्टी का पुतला दहन किया, जिसमें पुलिस ने पुतला पुतला छीनने का प्रयास किया। उसके बाद सभी संगठनों ने मिलकर चरथावल थाना परिसर में सीओ सदर को राष्ट्रपति के नाम, रामजीलाल सुमन की राज्यसभा से सदस्यता समाप्त कर देने की मांग को लेकर व किसी भी महापुरुष के बारे में कोई गलत बयानबाजी करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो ऐसा कानून बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें सहयोगी संगठन, शिवाजी सेना, संयुक्त हिंदू महासंघ, करणी सेना, राजपूत उत्थान सभा, शिव सेना, अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना आदि शामिल थे।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी तमंचे के साथ गिरफ़्तार



**मीरापुर, 02 अप्रैल (बु.)।** पांच दिन पूर्व गांव गढ़ी रसूलपुर में सक्का बिरादरी की युवती के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर प्रधान पक्ष के लोगों ने जमकर पथराव व फायरिंग की थी। पुलिस ने उक्त मामले में शामिल फायरिंग करने के मुख्य आरोपी युवक तो एक तमंचे व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के गांव गढ़ी रसूलपुर में करीब 6 दिन पूर्व सक्का बिरादरी के एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। उनके यहाँ मेहमान आयी एक युवती के साथ प्रधान पक्ष के युवकों ने छेड़छाड़ कर दी थी, जिसका विरोध करने पर प्रधान पक्ष के लोगों ने सक्का बिरादरी व नाई बिरादरी के लोगों के साथ जमकर मारपीट की थी तथा पथराव करते हुए फायरिंग भी की थी। पुलिस ने उक्त मामले में पीड़ित पक्ष व प्रधान पक्ष के 7-7 लोगों को नामजद व दस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद घटना में शामिल प्रधान पक्ष के कुछ युवकों ने खुद को मोस्ट वांटेड बताते हुए सोशल मीडिया पर पुलिस को चुनौती देते हुए अपनी वीडियो भी वायरल की थी। बुधवार को पुलिस ने फायरिंग के मुख्य आरोपी कैफ पुत्र अकरम को गांव के भैरव मंदिर के समीप स्थित कब्रिस्तान से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस के साथ गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तार युवक कैफ पुलिस को चेतावनी देने वाली वायरल वीडियो में भी शामिल था। पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी का चालान कर दिया।

## वीडियो वायरल कर पुलिस को चुनौती देने वाला एक आरोपी गिरफ़्तार

### - पुलिस ने मात्र शांतिभंग में चालान कर औपचारिकता पूरी की

**मीरापुर, 02 अप्रैल (बु.)।** दो दिन पूर्व क्षेत्र के गांव गढ़ी रसूलपुर के प्रधान पक्ष के कुछ युवकों की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें दिख रहे युवक अपने आपको मोस्टवांटेड अपराधी बताते हुए तथा पुलिस के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए पुलिस को चेतावनी दे रहे थे। बुधवार को पुलिस ने वायरल वीडियो में शामिल एक आरोपी शाहनवाज पुत्र इसरार को गिरफ्तार कर लिया, किन्तु उसका शांति भंग में चालान कर औपचारिकता पूरी कर दी। वहीं वायरल वीडियो में शामिल दूसरे युवक कैफ का पुलिस ने पहले से ही दर्ज पथराव व फायरिंग के मामले में चालान किया है। वायरल वीडियो प्रकरण में पुलिस ने कोई अन्य मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पकड़े गए युवक का मात्र शांतिभंग में चालान करने को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं व्याप्त हैं। लोगों के अनुसार ऐसी वीडियो बनाने वाले युवकों पर दरियादिली दिखाने से युवकों के हौसले बुलंद होंगे।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

